**E**

No. of Printed Pages : 4

# Mock Test, 2015-16

## Subject : Hindi (हिन्दी)

## Class : IX

**Time : 1½ Hrs.]** **[M. M. : 50**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **1 × 5 = 5**

भारत षड्ऋतुओं का देश है। सभी ऋतुओं में वसन्त ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। प्रकृति की सुन्दरता के कारण ही वसन्त को 'ऋतुराज' कहा जाता है। वसन्त ऋतु के आगमन से प्रकृति आनन्दित हो जाती है और मौसम बड़ा सुहावना हो जाता है। यह ऋतु भारतीय पंचांग के अनुसार फाल्गुन महीने में आती है। इस ऋतु में सर्दी और गर्मी नाम-मात्र को रह जाती है। शीतल-मंद-सुगंधित वायु से मन-मयूर नाच उठता है। चहुँओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं। प्रकृति अनुरागमय दिखाई देने लगती है। इस ऋतु के आगमन के साथ ही नई फसल का भी समय हो जाता है। समस्त जनमानस एवं वातावरण आनन्द से उल्लसित हो जाता है।

(i) भारत में पूरे वर्ष में कितनी ऋतुएँ होती हैं?

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छह

(ii) भारत में सर्वश्रेष्ठ ऋतु कौन-सी मानी जाती है?

(क) वसन्त (ख) ग्रीष्म

(ग) शीत (घ) वर्षा

(iii) 'ऋतुराज' किसे कहा गया है?

(क) वर्षा (ख) वसन्त

(ग) फाल्गुन (घ) शरद

(iv) वसंत ऋतु किस महीने में आती है?

(क) फाल्गुन (ख) चैत्र

(ग) वैशाख (घ) सावन

(v) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइए –

(क) भारत का मौसम (ख) ऋतुराज वसन्त

(ग) हमारा पर्यावरण (घ) प्रकृति की सुन्दरता

**2. निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए –** **1 × 4 = 4**

(क) सादर (ख) भारत-रत्न

(ग) त्रिवेणी (घ) महापुरुष

**3. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार की पहचान करके लिखिए –** **1 × 4 = 4**

(क) मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला।

(ग) जेते तुम तारे तेते नभ में न तारे हैं।

(घ) चरन-कमल बन्दौं हरि राई।

**4. निम्नलिखित में अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए –** **1 × 4 = 4**

(क) क्या उसने झूठ बोला था?

(ख) यहाँ से चले जाओ।

(ग) सभा में सभी लोग शान्तिपूर्वक बैठे हैं।

(घ) वाह! कितना सुन्दर फूल है।

**5. निम्नलिखित में उपसर्ग/प्रत्यय अलग करके लिखिए –** **1 × 6 = 6**

(क) विशेष (ख) दुर्गम

(ग) अनपढ़ (घ) चचेरा

(ङ) पत्रकार (च) बचपन

**6. निम्नलिखित गद्य-खण्ड को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **1 × 3 = 3**

तुम फोटो का महत्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं। और माँगे की मोटर से बरात निकालते हैं। फोटो खिंचाने के लिए तो बीबी तक माँग ली जाती है, तुमसे जूते ही माँगते नहीं बने! तुम फोटो का महत्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गंदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है।

(i) फोटो का महत्व कौन नहीं समझता है?

(क) प्रेमचंद (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) हरिशंकर परसाई (ध) कबीरदास

(ii) 'लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं।' के माध्यम से किस पर व्यंग्य किया गया है?

(क) गरीबों पर (ख) दिखावा करने की प्रवृत्ति पर

(ग) माँगने की प्रवृत्ति पर (घ) वर-दिखाई की प्रवृत्ति पर

(iii) गद्यांश से फोटो खिंचाने वाले की किस विशेषता का पता चलता है?

(क) वह गरीब है (ख) वह संकोची है

(ग) वह दब्बू है (घ) उसे दिखावा पसंद नहीं है

**7. निम्नलिखित पद्य-खण्ड को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **1 × 4 = 4**

'और सरसों की न पूछो –
हो गयी सबसे सयानी,
हाथ पीले कर लिए हैं
ब्याह-मंडप में पधारी
फाग गाता मास फागुन
आ गया है आज जैसे।
देखता हूँ मैं : स्वयंवर हो रहा है ?
प्रकृति का अनुराग-अंचल हिल रहा है,
इस विजन में,
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है।'

(i) सरसों को 'सयानी' क्यों कहा गया है?

(ii) कवि ने फागुन का मानवीकरण किस प्रकार किया है?

(iii) कवि ने किसके स्वयंवर की बात की है?

(iv) 'ब्याह-मंडप में पधारी' में कौन-सा अलंकार है?

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **2 × 8 = 16**

(i) सर टामस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे?

(ii) बालिका मैना के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

(iii) अंग्रेज नाना के महल को क्यों नष्ट करना चाहते थे?

(iv) 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन सन्दर्भों को इंगित करने के लिए किया गया होगा?

(v) लेखक को प्रेमचंद के जूते देखकर क्यों दु:ख हुआ?

(vi) सरसों को 'सयानी' कहकर कवि क्या कहना चाहता है?

(vii) सारस की आवाज सुनकर कवि क्या करने के लिए बेचैन हो उठता है?

(viii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य क्या है?

**9.** 'उमा नारी सशक्तिकरण का ज्वलन्त उदाहरण है'–'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **4**

**अथवा**

प्रेमचंद के व्यक्तित्व की कौन-कौन-सी विशेषताएँ हैं? उससे हमें क्या प्रेरणा प्राप्त होती है?